GOVERNMENT OF PART C STATES (AMENDMENT) BILL—*contd.*

The Minister of Home Affairs and States (Dr. Katju): I beg to move:

> "That the Bill to amend the Government of Part C States Act, 1951, be taken into consideration."

This is a non-controversial measure. The Government of Part C States Act was passed in 1951, and during the last three years, the working of the Act has disclosed some defects and omissions. Those defects are now being sought to be removed by this Bill. Hon. Members would have gathered from the Statement of Objects and Reasons the main purposes of the Bill. Some disputes arose as to the method of the disposal of questions relating to the disqualification of members of State Legislatures. Provision for that is being made specifically, and power is being given to the President to dispose of all such questions after consulting the Election Commission.

Then there is the provision for the establishment of a Contingency Fund and for the laying of the reports of the Comptroller and Auditor-General of India before the State Legislatures.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

So far as I can see from the amendments which have been tabled, the only question which has given rise to some doubt in the minds of some hon Members is about the language. In clause 6 of the Bill, it is provided specifically that all Bills introduced in the State Legislatures and all Acts passed therein shall be primarily in the English language, but it is also said that where the regional language is Hindi, then the Bill may be translated and the translations will also be authoritative.

Now, I gather from the amendments tabled that there is some desire that English should be omitted altogether and Hindi be substituted. I only wish to say here that hon. Members will recollect article 348 of the Constitution. The present clause 33(a) in the Bill is nothing but a reproduction of that article. It is a compulsory thing and we cannot possibly deviate from it. I had to introduce it because there was some lacuna in the Act as it stands, and it was necessary to remove that lacuna. Otherwise, the Bill, I submit, is a plain-sailing one, and I do not wish to detain the House any further upon it.

Mr. Deputy-Speaker: Motion moved:

> "That the Bill to amend the Government of Part C States Act, 1951, be taken into consideration."

Shri U. M. Trivedi (Chittor): Sir, the Government of Part C States (Amendment) Bill that has been presented to the House is, according to the hon. the States Minister—and it is his wont—a 'non-controversial' matter. Everything, according to him, is non-controversial. The Preventive Detention Act is non-controversial! This is also non-controverisal! I say, Sir, it is a very controversial subject inasmuch as we are not proceeding on any progressive lines about the administration of these Part C States.

To begin with, the very provisions of law which are given in Articles 239 and 240 give certain powers to this Parliament to administer the Part C States through the President. These States are not placed at par with the Part B States. This invidious distinction is being carried on and is now being perpetuated for all times to come. It would be better if we were to make up our mind once for all that all these Part C States must cease to exist. They are on anomaly in our present structure. The anomaly is so great that so far as the administration of Part A States or Part B States, that is, of the major portion of India, is concerned, even if we have to make any change in our Constitution, we have

[Shri U. M. Trivedi]

to come to the Parliament. And not only that. There is a further provision that only by a particular majority we can change the Constitution. And a further embargo is there, that if such a change is to be effected in particular articles, then not only Parliament will have to pass that Bill or that amendment in a particular manner, but that half of the States of India should also have to assent to it. But in the case of these Part C States, you will find that we have got a provision, that under article 240 we can change the Constitution and allow these Part C States to change any part of the Constitution. Article 240(2) reads:

> "Any such law as is referred to in clause (1) shall not be deemed to be an amendment of this Constitution for the purposes of article 368 notwithstanding that it contains any provision which amends or has the effect of amending the Constitution".

Now, why are such powers necessary in the case of administration of Part C States? If these States are to be distinguished like this, that means the citizens of India living in Part C States, are to be discriminated against in this manner, are allowed to have hostile laws passed against them or prejudicing them. Why should we allow it under the Constitution when we have guaranteed equal protection of law and the right of not denying equality in law to all of them? Why are we going to do that? We allow it and we go on perpetuating it, and this amendment does the same thing. Formerly, there was some controlling authority. That goes; that controlling authority is also to be given up by the amendments which are now being suggested.

In clause 7 there is an amendment of Section 39 which has been suggested. And what does it suggest? Some peculiar notion of making or adding to the Consolidated Fund of the State is mentioned there. Not only will these States of Ajmer, Bhopal, Coorg, Dehi, Himachal Pradesh and Vindhya Pradesh have a Consolidated Fund of the revenues which they have, but to those revenues are to be added grants, then to those will be added loans, and what is more, whatever repayments of these loans are made, those also will go into their coffers. Loans will be made by the Government of India, repayments will be ordered out of it and the repayments will not be made to the Government of India, but will become a sort of Consolidated Fund for these Part C States. Why this has been manoeuvred, we do not know. Why not say that all these will be treated as grants? Why distinguish between loans and grants? Make it a grant for all purposes.

Then, Sir, I will draw the attention of the House to this language question. By clause 6 a new section is sought to be added as Section 33A in the Act of 1951. Now, we all have been clamouring for Hindi being made the national language. We have accepted it in our Constitution. But in this case, we are going back to English. Not only that. Where the States have already passed resolutions to this effect, that the State language shall be Hindi, there also we are going to change over to English. I cannot understand this retrogressive measure and I will ask the House and those Members who are interested in the progress of Hindi to apply their mind to this retrogressive measure. Why is it suggested that the language to be used for Acts, Bills, etc., notwithstanding anything contained in section 33, until Parliament by law otherwise provides,—the authoritative texts—shall be in the English language? Of all these things—of all Bills, of all Acts, of all orders, rules and regulations, bye-laws etc.! There is not only this objection of again putting English into its own, but the question also involves a vast deal of expenditure. Why do we want translations of all these rules, bye-laws, orders and regulations to be again rendered into English? And then, for whom is it

meant? After all, all these administrative orders are meant for the public, and when the public is completely able—at least in Ajmer, Bhopal, Delhi, Himachal Pradesh—to understand Hindi, when all members of the public and the citizens of these various States are able to understand Hindi, why change it over? If we were talking about Coorg, I would agree that the regional language may be included; but why switch over to the English language when it is going out? When we are all making efforts for putting off the use of English, why go back and re-introduce English?

Then, I would draw your attention to clause 4, amendment of section 22 of Act XLIX of 1951. This is giving some sort of power to the State Legislature, of whatever type it might be, to undo what the Parliament has done. What is sought to be added is:

> "or any law made before the 1st day of April, 1952, in relation to any matter with respect to which the Legislative Assembly of the State has power to make laws."

This is to be added to the Explanation of section 22 of the original Act. The Explanation to section 22 is:

> "For purposes of this section, the expression 'law made by Parliament' shall not include any law which provides for the extension to the State of any law in force in any other part of the territory of India."

This could be treated as some wise piece of legislation. But, to add to this Explanation, these further words—

> "or any law made before the 1st day of April, 1952, in relation to any matter with respect to which the Legislative Assembly of the State has power to make laws."

would mean that the Legislative Assemblies of these States would be considered wise enough to undo what this Parliament has done for them. When Parliament makes a law, all the 499 Members gathered here from all the different parts of India make it. I do not know whether I should persist in calling the Legislative Assembly of Ajmer a Legislative Assembly, because it is a district not even one-third of the area of Ahmedabad and not even one-third in population. These ten or fifteen or sixteen persons—I do not know how many of them there are—will be considered wise enough to undo what this Parliament has done for them. I do not know how this necessity has arisen. I do not know why steps are not being taken to do away with these Part C States altogether. In Ajmer, everybody worth his salt have sent in resolutions that they do not want this Ajmer State.

An. Hon. Member: It is wrong.

Shri U. M. Trivedi: It is all wrong for vested interests. But, unfortunately, it is a patent fact that everyone who has got the good of Ajmer at heart and who desires the progress of Ajmer has expressed in unequivocal language that Ajmer should no longer exist as a separate State.

At the same time, I will bring to your notice the provisions of Article 239. It says:

> "Subject to the other provisions of this Part, a State specified in Part C of the First Schedule shall be administered by the President acting, to such extent as he thinks fit, through a Chief Commissioner or a Lieutenant-Governor to be appointed by him or through the Government of a neighbouring State."

May I put it to you, Sir, has the Government consulted the neighbouring State of Rajasthan? Rajasthan surrounds the whole of Ajmer on all sides. Has the State of Rajasthan been consulted whether it is prepared to administer the affairs of this small territory of Ajmer? Have not the people desired that this whole administration should be wound up and the extra expenditure of Rs. 70 lakhs to the Government of India should be saved? Have we done anything in that connection? Are we going to allow

[Shri U. M. Trivedi]

this luxury to the Ajmer State at the cost of the tax-payers of India? We have got this proviso—

> "Provided that the President shall not act through the Government of a neighbouring State save after—
>
> (a) consulting the Government concerned; "....

Mr. Deputy-Speaker: I am not able to follow the hon. Member. This is merely an amending Bill. Are we going into the question whether Ajmer should be a separate State, or whether it should be absorbed in the neighbouring State, or whether its administration should be entrusted to a neighbouring State? All these matters are not relevant for the purpose of the present Bill. We have got the Budget discussion, when it may be taken up; but so far as this Bill is concerned only those points which have been touched upon in this Bill, by way of amendment of the original Act, would be relevant. In fact, the hon. Member is going astray.

Shri U. M. Trivedi: I am submitting this, that you are creating a Contingency Fund for the State, a new Fund to be created. You are going to increase the expenditure by taking away the moneys of the already hard-pressed tax-payers by providing that the loans advanced will also go away to the Fund. I am therefore suggesting that the expenditure should be reduced. What are the Government doing to reduce the expenditure?

Mr. Deputy-Speaker: The creation of a Contingency Fund is provided for in the Constitution itself—the hon. Member may say that it is unnecessary.

Shri U. M. Trivedi: With due respect I submit that I was contending that we can save Rs. 76 lakhs so far as the Ajmer State is concerned. I am going to move an amendment to drop this word 'Ajmer'.

Mr. Deputy-Speaker: It will be out of order. I am not trying to give any decision which is contrary to justice. I am trying to consider the matter with the hon. Member. This is a Bill to amend the Part C States Act of 1951 for the purposes mentioned in the Statement of Objects and Reasons. Those are the points sought to be touched. It is open now to go into the question whether Ajmer ought to continue as a separate State or not? It is irrelevant and beyond the scope of the present Bill. It may be a desirable thing for the hon. Member to raise in a debate, but not here. The hon. Member will confine his remarks to the points that have been raised in the Bill. It may be taken up in some other platform.

Shri U. M. Trivedi: There is no other platform; this is the only platform that I have got.

Mr. Deputy-Speaker: Unfortunately, I cannot extend the scope of the Bill.

Shri U. M. Trivedi: I have not got much time to waste and I do not want to waste my time.

Another point which I wanted to touch upon is this. There is article 345 of the Constitution. It reads:

> "Subject to the provisions of articles 346 and 347, the Legislature of a State may by law adopt any one or more of the languages in use in the State or Hindi as the language or languages to be used for all or any of the official purposes of that State."

This article says that Hindi would be the official language in all the States. For the time being, those States which adopt Hindi will have it as their official language. I may submit that in the case of Ajmer and Bhopal, Hindi is spoken by everybody. Why should this additional expenditure be made by us by making this amendment which we are seeking to have? We are going a little further. We are not only making English the official language but we are also providing—

> "Provided that where the Legislative Assembly of a State has

prescribed any language other than the English language for use in Bills introduced in, or Acts passed by, the Legislative Assembly of the State or in any order, rule, regulation or bye-law issued under any law made by the Legislative Assembly of the State, a translation of the same in the English language published under the authority of the Chief Commissioner in the Official Gazette shall be deemed to be the authoritative text thereof in the English language."

Once we have accepted that Hindi will be our language, it will be the language of that State also. What is the necessity that has arisen to make the suggestion that we should drop the resolution which is already there, drop that idea altogether and come back to English? You very pertinently drew my attention that I must adhere to the grounds that have been given in the Statement of Objects and Reasons. I do not find any ground being given as to how this necessity has been felt or how the Government or the President was advised that we must drop the use of Hindi in the various Part C States and make use of the English language. I say further that the people of Vindhya Pradesh who are here will tell you that they all speak Hindi. The people of Himachal Pradesh do the same thing. The people of Delhi are not lagging behind in speaking Hindi, and the people of Ajmer are really very well versed in the knowledge of Hindi. We do not know how this necessity has arisen for dropping the use of the Hindi language and coming back to the use of English.

Mr. Deputy-Speaker: In what States is the Hindi language used for Bills?

Shri U. M. Trivedi: In Madhya Bharat and Rajasthan.

Mr. Deputy-Speaker: This only refers to Part C States.

Shri U. M. Trivedi: I am only making this suggestion.....

Mr. Deputy-Speaker: In how many Part C States is Hindi the language that is used for Bills?

Shri U. M. Trivedi: Hindi is the language of all people residing in all these States, except of the people of Coorg.

Mr. Deputy-Speaker: So far as Vindhya Pradesh is concerned.....

Mr. U. M. Trivedi: I catch your point. I am not concerned with the resolution which may or may not be passed. I do not know if there is that resolution and I cannot say anything to the contrary. Nor do I admit that there is no such resolution. What I submit is that when Hindi has been adopted as the national language and when it is already the regional language of all these regions, I do not see how the necessity arises for imposing English upon these citizens. This is my point.

पंडित सी० एन० मालवीय (रायसेन) : श्रीमान उपाध्यक्ष जी, पार्ट सी० रियासतों के सम्बन्ध में जो अमेंडमेंट बिल प्रस्तुत किया गया है उस के सम्बन्ध में मेरे साथी त्रिवेदी जी ने जो बात कही है मेरा ऐसा ख्याल है कि वह बिल्कुल गैर मुताल्लिक है । पार्ट सी० रियासतों को खत्म करने का जो मसला है उस के मुताल्लिक तो जो बाउंडरी कमीशन मुकर्रर हुआ है उस की रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा और उस वक्त ही यह मालूम होगा कि पार्ट सी० रियासतों का भविष्य क्या होगा । इस सिलसिले में उन्हों ने एक बात को नजरअन्दाज कर दिया कि अजमेर वालों की क्या राय है । अभी हाल एक साथी ने कहा कि अजमेर के लोग इस से पहले जरूर कुछ राय रखते थे जब कि तमाम इन रियासतों का एकीकरण हो रहा था लेकिन अब जो पार्ट सी० रियासतों के रहने वाले हैं उन की राय किस ओर है । अब उन को बजाय खत्म करने के वहां के लोगों की राय यह होती जा रही है कि उन रियासतों को और ज्यादा बढ़ा कर के हिन्दु-

[पंडित सी० एन० मालवीय]

स्तान की जो और रियासतें बनें उन्हीं के समान दरजा दिया जाय ।

दूसरी बात कि राजस्थान के लोगों से अजमेर के सम्बन्ध में पूछना या भोपाल के सम्बन्ध में मध्यभारत के लोगों से पूछना यह कोई लोकतंत्रात्मक तरीका नहीं है । इस सिलसिले में भोपाल के लोगों से ही पूछना चाहिए, अजमेर के लोगों से ही पूछना चाहिए कि वह क्या चाहते हैं । यहां के रहने वाले लोग भी हिन्दुस्तान से अलग नहीं हैं । वह भी भारत की एकता को चाहते हैं और हिन्दुस्तान में रहने वाले एक नागरिक की हैसियत से सोचते हैं और वह वही सोचेंगे जो भारत के हित में होगा और उन के हित में होगा ।

इस सिलसिले में जो दूसरी बात अंग्रेजी और हिन्दी के सम्बन्ध में कही है उस में त्रिवेदी जी ने यह बात दिखाने की कोशिश की है कि इस अमेंडमेंट के जरय से हम हिन्दी को शायद वह यह भूल गये कि अभी अंग्रेजी भाषा चल रही है । कोर्टों में चल रही है हमारी पार्लियामेंट में चल रही है और हिन्दुस्तान के बहुत से ऐसे भाग हैं जहां अभी हिन्दी भाषा का प्रयोग नहीं हो सका है ।

एक माननीय सदस्य : त्रिवेदी जी के भाषण में चल रही है ।

पंडित सी० एन० मालवीय : तो यह भावना तो अच्छी है और किसी को इस से इख्तिलाफ भी नहीं है कि हिन्दी भाषा होनी चाहिए और इस के लिए हम कदम भी बढ़ा रहे हैं, जितना भी हो सक रहा है उतनी जल्दी भी कर रहे हैं । लेकिन अगर हिन्दी भाषा को पार्ट सी० रियासतों के लिए कर दिया जायगा तो उस का परिणाम यह होगा कि सिर्फ वहां वाले उस कानून को समझ सकेंगे और कोई दूसरा जो देखेगा वह मुमकिन है न समझ सके । इसलिय अगर आप ध्यान से देखें तो आप को मालूम होगा कि उसी अमेंडमेंट में यह प्रावीजन है कि पार्ट सी० रियासतों को इस से नहीं रोका गया है कि वह अपनी रीजनल भाषा में बिल या ऐक्ट पास कर लें । वह अपने यहां की भाषा में चाहे वह हिन्दी हो या और कोई भाषा हो अपने बिल पेश कर सकते हैं । उदाहरण के तौर पर मैं भोपाल की मिसाल आप के सामने पेश करता हूं । भोपाल में हिन्दी में बिल पेश होते हैं, हिन्दी में उनके ऊपर बहस होती है, हिन्दी में उन पर संशोधन पेश किये जाते हैं । लेकिन आसानी के लिए और उस चीज को तमाम हिन्दुस्तान के नक्शे में बिठाने के लिए यह किया जा रहा है कि उस का अनुवाद अंग्रेजी में भी हो । [आखिर वह कोनसा मसविदा होगा जिस को हमारे त्रिवेदी जी मानेंगे और जिस का इंटरप्रिटेशन अदालतें करेंगी । जाहिर है कि अभी तक हम इस हालत में नहीं हुए हैं कि हिन्दी कानूनों की सही तरीके से व्याख्या कर सकें । ऐसी सूरत में मेरे ख्याल से अगर त्रिवेदी जी को कोई कानून के मताल्लिक मुकदमा लड़ना पड़ा तो वह हिन्दी के कानून को तो अपने सामने रखेंगे लेकिन शायद वह इतनी हिन्दी नहीं जानते कि उस अनुवाद को समझ सकें.....

श्री यू० एम० त्रिवेदी : यह बात गलत है । शायद मैं आप से ज्यादा जानता हूं ।

पंडित सी० एन० मालवीय : लेकिन जो अनुवाद होता है उस से ज्यादा नहीं जानते होंगे ।

श्री यू० एम० त्रिवेदी : उस अनुवाद को भी मैं सही कर सकता हूं ।

उपाध्यक्ष महोदय : आप से मानी चेयर, Is it? I do not know if he hon. Member knows more than the Chair itself.

पंडित सी० एन० मालवीय : श्रीमान उपाध्यक्ष जी, त्रिवेदी जी ने जो तकरीर की है मैं सिर्फ उस का हवाला दे रहा हूं। मैं यह कह रहा था कि अगर मेरे दोस्त त्रिवेदी जी को उस कानून पर किसी अदालत में बहस करने की जरूरत होगी तो वह अंग्रेजी के अनुवाद को देखेंगे और उसी के अनुसार केसेज को करेंगे और उन को इस चीज की जरूरत पड़ेगी। ऐसी सूरत में यह कहना कि हिन्दी भाषा को मटियामेट कर रहे हैं या उस को पीछे की ओर हटा रहे हैं यह सही नहीं है बल्कि यह सिर्फ आसानी की बात है और इस मामले में यह बात साफ कर दी गयी है कि सिर्फ उस का जो अंग्रेजी का मसविदा होगा उसे आथारिटेटिव माना जायेगा, लेकिन पार्ट सी० स्टेट्स को यह अधिकार है कि वे जो अपने कानून बनावें या जो बिल लावें उन को हिन्दी में या रीजनल भाषा में बना सकती हैं।

इस के बाद एक बात और है जिस में यह है कि पहली अप्रैल सन् १९५२ के पहले, चूंकि वहां सी पार्ट रियासतों में लेजिस्लेटिव असैम्बलीज नहीं थीं, इसलिये पार्लियामेंट ने कुछ कानून उन के लिये बनाए थे या कुछ दूसरे सूबों के क़ानूनों को वहां लागू कर लिया गया था, उस सिलसिले में कुछ क़ानून ऐसा बन गया था कि संशोधन नहीं हो सकता। इस के लिये जरूरत थी कि तबदीली की जाय जिस में वहां सी पाट की असैम्बलीज उन क़ानूनों में भी संशोधन कर सकें। यह बात दूसरी है कि उन क़ानूनों में कुछ तबदीली की जाय या नहीं, लेकिन यह अख्तियार उन की जरूर होना चाहिये। जब तक ये सी पार्ट रियासतें हैं वह अगर यह महसूस करें कि पहली अप्रैल सन् १९५२ के पहले ऐसे क़ानून बन गये हैं जिन में कुछ तबदीली करने की आवश्यकता है तो वह उस में तबदीली कर सकें। मेरी समझ में यह कोई लोकतन्त्र के विरुद्ध नहीं है। जब तक सी पार्ट रियासतें हैं उन को यह अधिकार दिया जाना चाहिये। उन को यह अख्तियार है कि स्टेट लिस्ट में जितने क़ानून बने हैं वह उन में संशोधन कर सकें तो फिर सिर्फ़ पहली अप्रैल सन् १९५२ के पहले जो क़ानून बने हैं उन को तरमीम न कर सकें यह बात समझ में नहीं आती। इसलिये इस की पूरी जरूरत थी। सी पार्ट की रियासतों की तरफ़ से, वहां के लैजिस्लेचर्स के जरिए से वहां के मिनिस्टर्स के जरिए से और वहां के जो अन्य लोग हैं उन के जरिए से और जो जनता वहां की है उन की तरफ़ से भी कई रिप्रेजेंटेशन किये गये और उस की बिना पर यह तमाम चीजें इस बिल में लाई गई है और इन की सख्त जरूरत है।

इस के बाद कनसालिडेटेड फंड और कंटिंजेंसी फंड की बात है, इस की भी सख्त जरूरत है। इस सिलसिले में मैं तमाम सी पार्ट रियासतों की तरफ़ से तो नहीं कह सकता, लेकिन भोपाल की तरफ़ से मैं जरूर सेंट्रल गवर्नमेंट का मशकूर हूं और वहां की जनता का आभार प्रदर्शित करता हूं। वहां इस से आप ने काफी तरक्की करने का मौक़ा दिया है। एक साहब ने यहां कहा थ कि भोपाल को इतना रुपया क्यों दिया जाता है? इसलिये कि भोपाल में इन्तजाम अच्छे तरीक़े से हो रहा है और उस के नतीजे निकल रहे हैं। वहां पर तरक्की करने के लिये जितनी जरूरत होती है वह मदद दी जा रही है। लेकिन एक दिक्कत यह होती थी कि कभी कभी खर्च के लिये रुक जाना पड़ता था और इसलिये वहां ऐसी सूरत आ जाने पर जब कि उन को किसी खर्च की जरूरत पड़ती थी तो उन के पास खर्च के लिये कोई फंड ऐसा नहीं था जिस में से वह खर्च कर सकें। इसलिये इस कंटिंजेंसी फंड के पैदा करने से वहां यह जरूरत पूरी हो जायगी और इस तरीक़े से उन के काम में आसानी पैदा हो जायगी।

[पंडित सी० एन मालवीय]

एक बात की तरफ़ मैं ज़रूर ध्यान दिलाना चाहता हूं। यह जो कनसालिडेटेड फंड सी पार्ट रियासतों के लिये है इस में अक्सर यह होता है कि जो मंजूरियां हो जाती हैं उन मंजूरियों के बाद केन्द्र से अदाई देर में होती है और जो फंड होते हैं उन के खर्च होने में अक्सर देर हो जाती है और इस वजह से वह लैप्स हो जाते हैं। इसलिये इन के इन्तजाम के बारे में यह करना चाहिये कि जो वहां कंटिजेंसी फंड या दूसरे फंड सी पार्ट रियासतों के लिये हों वह इस तरीक़े से रखे जायें कि जो बजट मंजूर हो जायें, जिस फंड के लिये रुपया मंजूर हो जाय, वह आसानी से फौरन उन को मिल सके और उन को दिल्ली के ज्यादा चक्कर नहीं काटने पड़ें जिस से कि उन के काम में ज्यादा रुकावट पैदा होती है।

इन शब्दों के साथ मैं इस अमेंडमेंट का समर्थन करता हूं और मैं कोई वजह नहीं पाता कि इस में कोई हिन्दी अंग्रजी का सवाल पैदा किया गया है या जो पार्लियामेंट ने किया है उस को मटियामेट करने का सवाल पैदा किया गया है या यह कि जो सी पार्ट रियासतें हैं उन के लिये कोई विरासत लिख दी जा रही है कि वह कभी खत्म नहीं होंगी और जैसी हैं वैसी ही बनी रहेंगी। इस वक्त जो पोजीशन है उस को सामने रख कर इस अमेंडमेंट बिल को लाने की सख्त जरूरत थी।

श्री एम० एल० द्विवेदी (जिला हमीरपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मुझे खुशी है कि हमारे राज्य विभाग के मंत्री ने एक ऐसा विधेयक हमारे सामने उपस्थित किया है कि जिस में भाग ग राज्यों को कुछ और अधिकार दिये जा रहे हैं। जैसा कि इस विधेयक के उद्देश्य और कारणों (आबजैक्टस और रीजन्स) के बयान में लिखा है :

— "Representations have been made that the Act does not enable the State Legislative Assemblies to amend laws made for the States by Parliament prior to 1st April, 1952".

इस सम्बन्ध में तो उन्हों ने आप ही इस बात को स्वीकार कर लिया है। लेकिन मेरा ख्याल है कि भाग ग राज्य के प्रधान मंत्रियों ने और भी अनेक कठिनाइयों का उल्लेख किया था। अच्छा होता कि वह तमाम कठिनाइयां जिन का सामना भाग ग राज्यों को करना पड़ रहा है इस विधेयक से दूर हो जातीं। मुझ को एक समाचार से जो हिन्दुस्तान टाइम्स के ६ अगस्त सन् १९५३ के अंक में छपा था, उस से यह बात साफ मालूम हुई थी। उस में यह साफ़ तौर पर लिखा है : कि

"The Minister of States said that the points raised by the Chief Ministers of Part C States in their memorandum have been considered and orders have been issued on most of them. In all cases arrangements of a permanent nature were required."

इस से जाहिर होता है कि क़रीब क़रीब सब बातों पर समझौता था और वह सभी बातें स्वीकार कर ली गई थीं। लेकिन जहां तक मुझे इस विधेयक से मालूम हो रहा है, वह तमाम बातें इस में नहीं आई जो कि चीफ़ मिनिस्टर्स ने अपने मांगपत्र (रिप्रैजेंटेशन) में पेश की थीं। उन्हों ने कई बातों का उल्लेख किया था। मिसाल के लिये एक तो यह है कि जो कठिनायां भाग ग राज्यों में महसूस की जा रही हैं उन को दूर कर दिया जाय। वह इस में कुछ अंश में किया जा रहा है। इस के अलावा उन की धन खर्च करने की जो शक्ति है, मर्यादा है, उस को भी बढ़ाने के लिये उन्हों ने कुछ मसौदा पेश किया था। तीसरी बात जो उन्हों ने कही थी वह यह है कि कर्मचारियों (सरविसेज) पर उन का

अधिकार (कंट्रोल) होना चाहिये, इस सम्बन्ध में भी इस बिल में कोई जिक्र नहीं आया।

इस के अलावा राज्य सरकार के प्रधान मन्त्रियों के प्रतिनिधि मंडल की जो बातचीत मन्त्री महोदय से हुई थी उस में यह था कि अभी तक जो वहां की धारा सभाएं हैं, ग राज्यों में, उन को बहुत संकुचित अधिकार हैं, यहां तक कि किसी बिल के मसौदे को पेश करने के पेश्तर उन को यहां केन्द्रीय सरकार के पास भेजना पड़ता है। जब वह यहां से मंजूर हो कर जाता है तभी राज्य सभा में वह पेश होता है।

पंडित ठाकुर दास भार्गव (गुड़गांव) : किस कानून के मातहत यह मसौदा यहां भेजा जाता है ?

श्री एम० एल० द्विवेदी : किस क़ानून के मातहत विधेयकों के प्रारूप भेजे जाते हैं यह मैं नहीं जानता लेकिन ऐसा व्यौहार (प्रैक्टिस) में हो रहा है। कोई क़ानून हो या न हो यह मैं नहीं कह सकता। मुमकिन है कि यह मन्त्री महोदय की कुछ निजी हिदायतें हों, लेकिन यह जो आजकल चल रही है वह बात है। राज्यों के प्रधान मन्त्रियों ने जो अपना वक्तव्य दिया था और जो आप के सामने बातें रखी थीं उस में यह साफ़ तौर से कहा था कि यह दिक्कत भी हटा लेनी चाहिये, क्योंकि संविधान (कांस्टीट्यूशन) में यह साफ़ तौर पर लिखा है कि :

"The Constitution laid down that no Bill should become an Act unless it received the President's assent."

कांस्टीट्यूशन में सिर्फ़ इतनी ही बात है कि बिल को पास होने के पहले प्रैसीडेंट की स्वीकृति की आवश्यकता है। इसलिये इस तरह की कठिनाइयों को भी दूर होना आवश्यक था।

एक बात और है जो कि प्रधान मन्त्रियों के प्रतिनिधि मंडल ने कही थी। वह यह है कि २० हजार से अधिक खर्च वहां के प्रधान मन्त्री या सरकारें नहीं कर सकतीं। वह चाहते थे कि बड़ी बड़ी रक़में जो बजट में स्वीकृत हो जाती हैं और जो बजट केन्द्र से भी स्वीकृत हो जाता है, उस में स्वीकृत धन राशियों को तो वे कम से कम खर्च कर सकें। अभी वह उस स्वीकृत रक़मों में से भी २० हजार से अधिक खर्च नहीं कर सकते। जब बजट राज्य सरकार द्वारा और राज्य सभा द्वारा पारित (पास) हो जाता है और केन्द्रीय सरकार से भी स्वीकृत हो जाता है तो क्या वजह है कि २० हजार से अधिक वह सरकारें खर्च नहीं कर पायें। हमारे देश में भाग क राज्य हैं, भाग ख राज्य हैं, भाग ग राज्य हैं और भाग घ राज्य हैं। इस प्रकार चार किस्म की खेणियों में वह विभिन्न प्रकार से बंटे हुए हैं! कहने को तो हम यह कहते हैं कि जल्दी से जल्दी सब को हम बराबरी का अधिकार देना चाहते हैं, लेकिन वस्तुतः अभी ग राज्यों के अन्दर जो कठिनाइयां महसूस हो रही हैं वह भी दूर नहीं हो रही हैं। मैं आशा करता था कि इस विधेयक में उन सब बातों का समावेश कर दिया जायगा। खैर अभी नहीं किया गया है तो आगे किया जायेगा, क्योंकि मुझे मालूम है कि पहले जब अयोग्यता निवारक विधेयक (रिमूवल आफ डिसक्वालिफिकेशन बिल) यहां पेश किया गया था तो मैं ने मन्त्री महोदय के सामने बहुत नम्रतापूर्वक अर्ज़ किया था कि आप इस के अन्दर धारा १७ का भी संशोधन कर दें जिस में उन के बारे में फिर से कोई आपत्ति खड़ी न हो सके। लेकिन उस समय यह बात नहीं मानी गयी। आज वही बात इस बिल में रखी गयी है। तो बार बार टुकड़ों में एक चीज को करने से तो अच्छा यह है कि तमाम समस्याओं पर हम विचार करें और विचार

[श्री एम० एल० द्विवेदी]

करने के बाद एक पूरा (काम्प्रिहेंसिव) क़ानून तैयार करें जिस से समस्याओं का हल बहुत देर तक के लिये हो जाय । मैं उन से फिर से नम्र निवेदन करूंगा कि ऐसा मौक़ा जब कभी आये तो सदस्यों (मैम्बरों) से, राज्यसरकारों से और अन्य लोगों से मशविरा कर के यह बातें की जायें तो अच्छा हो । मैं आशा करता हूं कि मन्त्री महोदय इस बात को स्वीकार करेंगे ।

एक और बात की तरफ़ मैं मन्त्री महोदय की तवज्जह दिलाना चाहता हूं और वह यह है कि अभी जैसा मैं ने कहा, २० हजार से अधिक खर्च करने का अधिकार वहां की राज्य सरकारों को नहीं है, इसी सम्बन्ध में किसी अफसर को विशेष भत्ता यदि राज्य सरकार देना चाहती है तो वह भी नहीं दे सकती । मेरी समझ में इस का भी संशोधन करना आवश्यक था ।

भाग 'ग' राज्यों के अन्दर अभी तक जुडीशल अमिश्नर कोर्ट्स हैं और वह केवल चीफ़ कोर्ट या हाईकोर्ट की हैसियत से काम कर रहे हैं, इन में एक ही व्यक्ति होता है जो जज का काम करता है और आजकल के वर्तमान समय में जब हम हाईकोर्ट में बेंचेज़ या एक से अधिक जजों की नियुक्ति करते हैं और यदि हम वहां पर बड़े इजलासों का निर्माण करें तो वह ठीक और उचित होगा क्योंकि किसी भी अभियोग (केस) में यह भी संभव हो सकता है कि एक आदमी किसी एक बात से प्रभावित हो जाय इसलिए यदि हम वहां पर बड़े इजलासों का निर्माण करते तो वह अच्छा होगा । आर्थिक दृष्टि से ऐसा संभव नहीं है, इसलिए प्रधान मंत्रियों ने निवेदन किया था कि या तो आप ऐसा करें कि उन के पास पड़ौस की किसी राज्य के हाई कोर्ट से मिला दें यदि ऐसा न हो सके, तो भाग 'ग' राज्यों के जितने आयुक्त न्यायाधीश (जुडीशल कमिश्नर्स) हैं उन को मिला कर एक हाईकोर्ट का निर्माण कर दें, ताकि वह सब मिल कर विभिन्न राज्यों में अलग अलग न्याय करें ।

Dr. Katju: I must interrupt here. The hon. Member is not correctly informed.

श्री एम० एल० द्विवेदी : जो बात मैं आप को बतला रहा हूं वह हिन्दुस्तान टाइम्स की १ सितम्बर, सन् १९५३ की रिपोर्ट के आधार पर आश्रित है, उस में लिखा है :

"An appellate court with a single judge was not considered a desirable one and the Chief Ministers felt that these Judicial Commissioners should jointly sit and function as a High Court (this involves no additional expenditure) or the jurisdiction of the neighbouring High Courts should be extended to Part 'C' States".

डा० काटजू : आज १६ फरवरी है ।

श्री एम० एल० द्विवेदी : आज अगर हालत में सुधार हो गया है, तो यह बड़ी प्रसन्नता की बात है, और मैं आशा करता हूं कि हमारे मंत्री महोदय ने सुधारों की जो योजना बनायी होगी, वह सुधार हमारे समक्ष आयेंगे ।

अब इस बिल के सम्बन्ध में जो उद्देश्य और कारण (आबजेक्ट्स एण्ड रीजन्स) दिये गये हैं उसमें भाषा के ऊपर भी संशोधन पेश किया गया है । जहां तक मैं समझता हूं हमारे संविधान में जो भाषा सम्बन्धी धारा है उस में स्पष्ट लिखा है कि :

"The language of the Union shall be Hindi or English."

लेकिन भाग 'ग' राज्यों के संशोधन विधेयक में लिखा है कि :

"The language shall be the English language".

मैं मानता हूं कि आगे चलकर मंत्री महोदय ने यह बात स्वीकार की है कि जहां कहीं दूसरी भाषा राज्य सरकार ने प्रचलित कर दी हो, वहां अंग्रेजी का अनुवाद जो गजट में छापा होंगे, वह प्रमाणित माने जायेंगे । अंग्रेजी में अनुवाद प्रमाणित माना जाय, इस में मुझे आपत्ति नहीं है । लेकिन मेरा तो कहना यह है कि जब हमारे राज्य की भाषा हिन्दी है, तो उस को क्यों नहीं माना जाता और जब संविधान (कांस्टीट्यूशन) में स्पष्ट लिखा है कि हमारे राष्ट्र की भाषा हिन्दी होगी, उचित और न्यायसंगत है कि हिन्दी भी मान लेना चाहिए और साथ हीं अंग्रेजी का अनुवाद भी प्रमाणित मान लिया जाय उस समय तक जब तक कि यह पन्द्रह वर्ष की अवधि पूरी नहीं होती । मैं आप को बतलाऊं कि भाग 'ग' राज्यों में अधिकतर हिन्दी में ही काम होता था और मैं भी एक ऐसे राज्य से आता हूं जो 'ग' भाग में सम्मिलित है और इस नाते मुझे वहां का अच्छी तरह ज्ञान है और मैं आप को बताऊं कि अभी तक वहां सारा राजकाज हिन्दी में चलता था और कोई आपत्ति नहीं की जाती थी . . .

Mr. Deputy-Speaker: I would like to know from the hon. Member with regard to this amendment, if article 348 does not require Bills to be in English. Article 348 of the Constitution, sub clause (b) requires it shall be in English.

Shri M. L. Dwivedi: Yes. Therefore, the amendment which I have suggested does not debar or exclude English from being accepted as one of the languages in which authorised texts of the Bills, rules and regulations can be publicised or made.

जो बात मैं कहता हूं वह यह है कि हिन्दी के अलावा अंग्रेजी भी मानी जाय जैसा कि हमारे संविधान ने माना है । अंग्रेजी में भी बिल और क़ानून संकल्प आदि छापे जायं लेकिन वहां राज्य की प्रधान भाषा हिन्दी हो और अंग्रेजी भाषा दूसरी भाषा हो और साथ ही बिल आदि के जो अंग्रेजी अनुवाद हों उन को प्रमाणिक माना जाय ।

पंडित ठाकुर दास भार्गव : वह तो अब भी मौजूद है, ऐसा तो नहीं हुआ कि वहां की भाषा अंग्रेजी कर दी गयी ।

श्री एम० एल० द्विवेदी : नहीं, बहुत फ़र्क पड़ गया है, अब वहां जितनी कार्रवाई है, वह सब अंग्रेजी में चलती है । विन्ध्य प्रदेश, भूपाल और अजमेर में जहां पर पहले सब कामकाज हिन्दी में होता था, वहां अब अंग्रेजी में होता है . . . . . .

डा० काटजू : भूपाल में तो सब फारसी और उर्दू में होता था, भूपाल में तो कामकाज हिन्दी में नहीं होता था ।

श्री एम० एल० द्विवेदी : वहां आप हिन्दी कर दीजिये, हिन्दी तो हमारे सारे मुल्क भर की भाषा है, साथ में अंग्रेजी भी चले, मैं यह नहीं कहता कि अंग्रेजी न रहे, लेकिन आम कामकाज जो वहां पहले सब हिन्दी में चलता था, वह चलता रहे । आज आप के उस में नये संशोधन करने से यह हो गया है कि लोगों को जो दफ़्तरों और कचहरियों आदि से सरकारी कागजों और मिस्लों की नक़लें दी जाती हैं वह अंग्रेजी में दी जाती हैं और जनता को उन का हिन्दी में अनुवाद करने में काफ़ी समय और धन खर्च करना पड़ता है और उस के लिए प्रति पृष्ट तीन तीन और चार-चार रुपये तक खर्चने पड़ते हैं । जनता को हिन्दी में उन का अनुवाद कराने में काफ़ी दिक्कत का सामना करना पड़ता है । राज्य की तरफ़ से ऐसा कोई प्रबन्ध नहीं है कि उन को हिन्दी की प्रतिलिपियां मिल सकें जो कि भाग 'ग' राज्यों के निर्माण के पेश्तर उन को मिला करती थीं ।

श्रीमती कमलेन्दुमति शाह (जिला गढ़वाल—पश्चिम व जिला टिहरी गढ़वाल व जिला बिजनौर—उत्तर) : यह बात मेरे जिले में भी हुई है।

श्री एम० एल० द्विवेदी : बिल्कुल सही बात कह रहा हूं। ऐसी कोई योजना बनायी गयी होत जिस से राज्य के निवासियों को अपना कामकाज हिन्दी में चला सकने की सुविधा होती, यदि केन्द्रीय सरकार से सम्पर्क रखने के लिए या किन्हीं दूसरों से बातचीत करने के लिए खतोकिताबत करने के लिए यदि आवश्यक होता तो अंग्रेजी भी वहां रखी जाती और अंग्रेजी में बिल्स आदि के अनुवाद छापे जायें और गजट प्रकाशित हों, मुझे इस में आपत्ति नहीं है। लेकिन जो प्रथा वहां पर अब तक चलती आई है, उस को मिटा कर एक दूसरी प्रथा उन राज्यों पर लाद दी जाय, मझे यह उचित नहीं जान पड़ता। मैं इस सम्बन्ध में बाद में एक संशोधन भी पेश करूंगा। 'ग' राज्यों के विषय में इन शब्द को कहने के पश्चात् मैं दो शब्द और कहूंगा और वह यह है कि हमारे संविधान में 'ग' राज्यों का निर्माण एक अजीब तरीके से हुआ। पहले केवल तीन राज्य ऐसे थे जो 'ग' राज्य थे, उदाहरण के लिए वे थे दिल्ली, कुर्ग और अजमेर।

एकीकरण और विलीनीकरण के समय कुछ राज्य एसे थे जहां पर 'ख' क़िस्म के राज्य नहीं बन सके और वहां पर हम को 'ग' क़िस्म के राज्यों का निर्माण करना पड़ा। उन में से कुछ जब तक 'ख' भाग के राज्य थे, तब तक उन को वह तमाम सुविधाएं प्राप्त थीं जो 'ख' भाग वाले राज्यों को अब प्राप्त हैं।, चाहे जो भी कारण हो, वहां के राजप्रमुख ठीक से काम नहीं कर सके या मंत्रीगण ठीक प्रकार से काम नहीं कर सके और इसलिए वह 'ग' राज्य बना दिये गये और उन की तमाम सुविधाएं उठा ली गई मिसाल के लिए मैं कहता हूं कि इनकमटैक्स का जो क़ानून लागू होना था वह विन्ध्य प्रदेश में लागू नहीं होता अगर वह 'ख' भाग का राज्य रहता और जिस तरह से दूसरे भागों को यह सुविधा दी गयी है कि पांच वर्ष के बाद इनकमटैक्स लगेगा या दस वर्ष के बाद लगेगा, जहां तक इनकमटैक्स लगाने का सवाल था तो उस को भी यह सुविधा प्राप्त होती। लेकिन उस को 'ग' भाग में शामिल किया गया और वहां इनकमटैक्स एकदम लागू किया और केन्द्र के और दूसरे क़ानून लागू किये लेकिन जहां तक उस राज्य की तरक्की करने और दूसरे राज्यों के मुक़ाबले उन राज्यों में सुख सुविधा पहुंचाने का सवाल था, उपेक्षा की नीति बर्ती गयी। इसलिए मेरा कहना यह है कि जहां तक सम्भव हो ऐसे राज्य जहां कि तरक्की नहीं हुई थी, उन की तरक्की के लिए, आप को विशेष ध्यान रखना चाहिए, क्योंकि वे राज्य पूर्णरूप से आप के आश्रित हैं, वे केन्द्र के आश्रित हैं। वहां के जो मंत्रिमंडल हैं वे इतने समृद्ध नहीं हैं कि वे दूसरे राज्यों का मक़ाबला कर सकें, उन के पास इतना धन भी नहीं है और वह केन्द्र के द्वारा प्रशासित हैं इस लिए मैं मंत्री महोदय से प्रार्थना करूंगा कि क़ानून बनाते वक्त इन तमाम बातों के ऊपर विचार करके यदि सम्भव हो सके तो एक संशोधन बिल लायें जिस में इन सब चीजों का समावेश हो। इस अवसर पर और अधिक न कह कर इन शब्दों के साथ में इस विधेयक का समर्थन करता हूं।

श्री टंडन (जिला इलाहाबाद—पश्चिम) : महोदय, मेरा इस विधेयक पर बोलने का कोई विचार नहीं था परन्तु अभी मैं ने जो विधेयक सामने है, उस में हिन्दी सम्बन्धी धारा जो पढ़ी तो मुझ को जान पड़ा कि उस में संशोधन की आवश्यकता है। यह तो मैं मानता हूं कि पन्द्रह वर्ष तक हमारे संविधान के अन्दर अंग्रेजी को अवसर दिया गया है।

डा० एन० बी० खरे (ग्वालियर) : उस में से चार साल निकल गये ।

4 P. M.

श्री टंडन : परन्तु यह बात भी स्पष्ट है, कि और केन्द्रीय सरकार भी यह मानती आई है, कि उस का कर्त्तव्य है कि अपने शासन के कामों में जहां तक सम्भव हो हिन्दी को सहारा दे । संविधान की किसी धारा को तोड़ने या उस का अतिक्रमण करने का कोई प्रश्न मैं नहीं उठाता । मैं स्वयम् अपने को संविधान से, जब तक वह है, बंधा हुआ मान हूं । मैं उस के बदलवाने का प्रश्न उठा सकता हूं, यत्नवान भी हूंगा । मैं संविधान में हिन्दी के बारे में जो धारायें हैं उन में से कई एक को गलत मानता हूं । परन्तु आज यह प्रश्न नहीं है, मैं उस से उतना ही बंधा हुआ हूं जितने कि हमारे मंत्रिगण बंधे हैं । इस कारण मैं कोई अनर्गल प्रश्न नहीं उठाऊंगा जिस में संविधान के विरुद्ध कोई बात करने को कही जाय । परन्तु मैं यह चेतावनी देता हूं कि अनावश्यक रीति से कोई धारा रखना, जब उस की आवश्यकता नहीं है, अंगरेजी के ऊपर बल और उस की ओर बार बार झुकाव देना, यह नीति के और संविधान की मंशा के भी विरुद्ध है । आप को हिन्दी को सहारा देना है—संविधान के भीतर । मैं मंत्री महोदय से पूछता हूं, जिन्हों ने बिल सामने रखा है, कि आज यह जो धारा उन्हों ने रक्खा सो क्यों ? क्या कोई मामले ऐसे आये, किसी सी क्लास स्टेट से, जिस के कारण उन को यह रखना पड़ा ? संविधान स्पष्ट है इस बात में कि हर राज्य को अधिकार है कि वह अपनी भाषा में काम करे। हमारे मंत्री जी ने सिर हिलाया, इसलिये मुझ को संविधान की धारा पढ़नी पड़ती है । धारा ३४५ में है—

"Subject to the provisions of articles 346 and 347 the Legislature of a State may by law adopt any one or more of the languages in use in the State or Hindi as the language or languages to be used for all or any of the official purposes of that State."

उस के साथ 'प्रोविज़न' भी है । यह स्पष्ट है कि हर एक राज्य को अधिकार है अपने यहां अपनी भाषा द्वारा काम करने का ।

"Provided that, until the Legislature of the State otherwise provides by law, the English language shall continue to be used for those official purposes within the State for which it was being used immediately before the commencement of this Constitution."

यह 'प्रोविज़न' तो सिर्फ वहां के लिये है जहां पर क्षेत्रीय भाषा का प्रयोग करने के लिये कोई अधिनियम अर्थात् ऐक्ट स्वीकृत नहीं हुआ । परन्तु स्पष्ट है कि हर एक राज्य को अधिकार है कि वह भाषा के सम्बन्ध में अपना निश्चय करे । इस के अनुसार कुछ प्रदेश तथा कुछ राज्य कर भी चुके हैं । मेरा अनुमान है कि बहुतों ने कर लिया है । मैं अपने उत्तर प्रदेश की बात तो जानता हूं जहां मैं स्वयं विधानसभा का अध्यक्ष था । वहां मेरी अध्यक्षता में ही इस प्रकार का अधिनियम, मंजूर हो चुका था ।

पंडित ठाकुर दास भार्गव : आप ने पहले ही से कर दिया था ।

श्री टंडन : मेरी अध्यक्षता में वह स्वीकार हुआ था । इस प्रकार का अधिकार हर एक राज्य को है । संविधान में यह भी स्पष्ट है कि जहां अपनी भाषा के बारे में कोई कानून पास भी हो गया हो वहां भी अधिनियमों, आज्ञाओं, नियमों, आदेशों आदि का अंगरेजी में अनुवाद उस शासन को प्रकाशित करना होगा । जो अनुवाद प्रकाशित होगा अंगरेजी में वह संविधान के शब्दों में 'अथारिटेटिव टैक्स्ट माना जायेगा । आज आप को क्या आवश्यकता पड़ी कि संविधान की एक धारा

[श्री टंडन]

के अंश को इस विधयक में आप ने रखा ? अगर रखना ही है तो मेरा सुझाव है कि आप देखिये ३३ ए की भाषा को । आप ने इस में 'प्रोविजन' दे कर कुछ सहारा तो क्षेत्रीय भाषा को दिया है लेकिन जो असली धारा है, जो मुख्य वाक्य हैं, उस में आप ने कहा है कि हर एक बिल इत्यादि, आर्डर इत्यादि अंगरेजी भाषा में होगा । यह तो अशुद्ध भी है । यह सही है कि हम इस अशुद्ध चीज को लिख कर "प्रोवाइडेड दैट" कह कर, एक अपवाद दे कर उसे सम्भाला है । परन्तु प्रारम्भ आप ने किया एक अशुद्ध बात से । वह बात अपने में अशुद्ध है अनर्गल है, संविधान के विरुद्ध है । एक गलत चीज को रख कर, विधान के अन्दर "प्रोवाइडेड दैट" लिख कर.....

श्री नन्द लाल शर्मा (सीकर) : "प्रोवाइडेड दैट" रीजनल लैंग्वेज के लिये है, हिन्दी के लिये नहीं ।

श्री टंडन : मैं आप से कहता हूं कि यह चीज ठीक नहीं है क्योंकि इस "प्रोवाइडेड दैट" में, जैसा मेरे भाई ने अभी कहा, हिन्दी के लिय नहीं कहा है । अगर हिन्दी नहीं है तो वह धारा संविधान की धारा ३४५ के विरुद्ध जाती है क्योंकि हर एक स्टेट को अधिकार है, ट्रावनकोर तक को अधिकार है कि वह अपन यहां हिन्दी रखे । मैं आप से यह कहता हूं कि इस का यह अर्थ है । वह हिन्दी रखेगा नहीं परन्तु हिन्दी रखने का अधिकार ट्रावनकोर-कोचीन को है । मैसूर को अधिकार है कि वह चाहे तो हिन्दी को अपने यहां की भाषा रख सकता है । आपने इस क्लाज से इस को रोक दिया है । मैं आप को एक सुझाव देता हूं कि आप को केवल यह देखना है कि क्या कोई, 'लैकुना' जैसा आप ने कहा था, कोई कमी रह गई है । मेरा कहना है कि किसी कमी का प्रश्न नहीं उठता । संविधान (कान्स्टिट्यूशन) सब के ऊपर है । और अगर कहीं पर आप को कोई कमी दिखलाई पड़ती है तो मेरा कथन यह है कि आप इस पहले वाक्य को हटा दें । जहां आप ने कहा है :

"Notwithstanding anything contained in Section 33, until Parliament by law otherwise provides, the authoritative texts—

(a) of all Bills to be introduced or amendments thereto to be moved in the Legislative Assembly of a State,

(b) of all Acts passed by the Legislative Assembly of a State, and ...

(c) of all orders, rules, regulations and bye-laws issued under any law made by the Legislative Assembly of a State,

shall be in the English language."

